कक्षा - दसवीं

पद - परिचय

12/5/2020

⑩ कोठी के आस-पास कच्चे घर हैं।
के आस-पास — संबंधबोधक अव्यय, 'कोठी' और 'घर' के मध्य संबंध स्थापित कर रहा है।

⑪ वह बच्चों के साथ मेला देखने गया।
के साथ — संबंधबोधक अव्यय, 'बच्चों' और 'मेला' के बीच संबंध स्थापित कर रहा है।

⑫ मनीष और मिताली संयुक्ता के घर गए, परंतु वह घर पर नहीं थी।
और — समुच्चयबोधक अव्यय, समानाधिकरण संयोजक, मनीष व मिताली शब्दों को जोड़ने का कार्य।
परंतु — समुच्चयबोधक अव्यय, समानाधिकरण विरोधसूचक, दो उपवाक्यों को जोड़ने का कार्य।

⑬ ऐसा लग रहा था, मानो भूकंप आया हो।
मानो — समुच्चयबोधक अव्यय, व्यधिकरण स्वरूपबोधक, दो उपवाक्यों को जोड़ने का कार्य।

⑭ उफ़! कितनी गरमी है।
उफ़ — विस्मयादिबोधक अव्यय, पीड़ासूचक।

⑮ छिः! कितनी गंदगी है।
छिः — विस्मयादिबोधक अव्यय, घृणासूचक।

⑯ आपने यह काम ही तो करने को कहा था।
ही तो — निपात, 'काम' कर्म पर बल।

⑰ मीरा मेरी बात तक नहीं मानती।
तक — निपात, 'बात' कर्म पर बल।

⑱ वह मुझे जानता भर है।
भर — निपात, 'जानता' क्रिया पर बल।

अभ्यास

निम्नलिखित वाक्यों के रंगीन पदों का पद-परिचय दीजिए–

(i) (क) वाह! क्या सुंदर दृश्य है।

उत्तर- .....

(ख) अहो! कितनी सुंदर कला है।

उत्तर- .....

.....

(ग) आज मैं कानपुर और तुम अजमेर जाओगे।

उत्तर- .....

.....

(घ) कोई लड़का बाहर खड़ा है।

उत्तर- .....

.....

(ङ) ईमानदार व्यक्ति की सदा विजय होती है।

उत्तर- .....

.....

.....

Scanned with CamScanner